तापमान

अधिकतम 43 .1 डिग्री

न्यूनतम 24 .7 डिग्री

हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार 5 जून 2026





14 दो कॉलोनियों में पानी की निकासी के लिए योजना .



14 आईटीआई होली में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस ..


**खबर संक्षेप**

### डॉ. जितेंद्र शर्मा को जूलॉजी विभाग के अध्यक्ष का प्रभार

**थानेसर।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने विश्वविद्यालय अधिनियम एवं संविधि, 1986 की धारा 11(5) के तहत कार्यकारिणी परिषद की मंजूरी से बायो-टेक्नोलॉजी विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर और फार्मास्युटिकल साइंसेज संकाय के डीन प्रो. जितेंद्र शर्मा को तत्काल प्रभाव से जूलॉजी विभाग के अध्यक्ष का कार्यभार आगामी आदेशों तक सौंपा है। यह जानकारी लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने दी। उन्होंने बताया कि प्रो. जितेन्द्र शर्मा आगामी आदेशों तक अपने मौजूदा कर्तव्यों के साथ-साथ इस नए पद की जिम्मेदारी भी संभालेंगे।

### व्यक्ति के बैग से एक लाख रुपये चोरी

**यमुनानगर।** शहर के भगत सिंह चौक से बस स्टैंड के बीच मुखर्जी पार्क निवासी राकेश वर्मा के बैग से अज्ञात ने एक लाख रुपये चोरी कर लिए।



पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी। राकेश वर्मा ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बुधवार को सुबह साढ़े 10 बजे बैग लेकर शहर के भगत सिंह चौक से बस स्टैंड जा रहा था। उसके बैग में एक लाख रुपये की नकदी थी। इस दौरान अज्ञात ने उसका बैग खोलकर उसमें से पैसे चोरी कर लिए। कुछ देर बाद उसे बैग की जिप खुली मिली। जब उसने जांच की तो उसमें से पैसे गायब थे। यह देखकर वह हैरान रह गया। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### युवक के साथ मारपीट आरोपी पर केस दर्ज

**यमुनानगर।** गांव चूड़ियाले का माजरा भंभोली में कहासुनी होने पर एक व्यक्ति ने गांव के मनीष के साथ मारपीट कर उसे जाति सूचक शब्द बोले। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव चूड़ियाले का माजरा निवासी मनीष ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी कमल के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इस दौरान आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और उसे जाति सूचक शब्द बोले। उसके विरोध करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी कमल के खिलाफ मारपीट व एससी एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

बराड़ा में 28 मई को बुजुर्ग महिला से लूटपाट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

# फ्लाईओवर पर पुलिस और बदमाशों में मुठभेड़, दो आरोपियों के पैरों में लगी गोली

- *आरोपियों के कब्जे से दो देशी तमंचे बरामद, घायल बदमाश सीएचसी में भर्ती*
- *वारदात का मास्टरमाइंड दिलीप सिंह फरार, गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

फ्लाईओवर के निकट पुलिस और सीआईए नारायणगढ़ की बदमाशों के साथ हुई मुठभेड़ में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों आरोपियों के पैरों में गोलियां लगी हैं। इसके बाद उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो देशी तमंचे भी बरामद किए हैं। आरोपियों पर एक बुजुर्ग महिला से लूटपाट का आरोप है। सीआईए नारायणगढ़ को सूचना मिली थी कि 28 मई को यहां की करनाल कॉलोनी में 70 वर्षीय विद्या देवी के घर में घुसकर लूटपाट और स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी क्षेत्र में घूम रहे हैं। ये आरोपी किसी अन्य अपराध की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने फ्लाईओवर और रेलवे पुल के पास नाकाबंदी कर घेराबंदी की।



बराड़ा। अस्तपाल में स्ट्रेचर पर लेटे दोनों घायल बदमाश। फोटो : हरिभूमि

पुलिस के अनुसार खुद को चारों ओर से घिरा देख आरोपियों ने भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम पर फायरिंग करने की कोशिश की हालांकि उनके हथियारों से गोली नहीं चल सकी। इसके बाद पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में दोनों आरोपियों के पैरों में गोलियां लगी। वे घायल होकर मौके पर ही गिर पड़े। पुलिस ने तत्काल दोनों को काबू कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश के 28 वर्षीय उधम सिंह तथा 19 वर्षीय ऋतिक के रूप में हुई है। इस वारदात का मुख्य आरोपी और मास्टरमाइंड दिलीप सिंह अभी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। उसकी तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है।

#### पिस्तौल की बट से हमला कर घायल कर दिया था

28 मई की शाम करनाल कॉलोनी की विद्या देवी अपने घर के पोर्च में बैठी थीं। इसी दौरान बाइक पर सवार तीन नकाबपोश युवक घर में घुस आए और महिला के कानों से सोने की बालियां तथा अंगूठी छीन ली। जब चूड़ियां उतारने में असफल रहे तो आरोपियों ने पिस्तौल की बट से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि वारदात का मास्टरमाइंड दिलीप सिंह उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। पूर्व में सहारनपुर जेल में बंद रह चुका है। उसकी मुलाकात जेल में ही ऋतिक और उधम सिंह से हुई थी। तीनों ने वहीं बैठकर लूटपाट की योजना बनाई थी। बाद में दिलीप दोनों को अपने साथ यहां लेकर आया। पुलिस के अनुसार तीनों आरोपी उधम सिंह की मोटरसाइकिल पर सवार होकर वारदात को अंजाम देने पहुंचे थे। पहचान छिपाने के लिए उन्होंने पगड़ी धारण कर रखी थी। उसी वेश में घटना को अंजाम दिया।

#### दी जा रही दबिश

नाकाबंदी कर आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया गया। आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग करने की कोशिश की, जिसके बाद हुई मुठभेड़ में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों के पैरों में गोली लगी है। तीसरे आरोपी दिलीप सिंह की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। -**सुरेश कौशिक**, डीएसपी

## सीएम आज करेंगे आयुष विवि के बहुउद्देशीय सभागार का लोकार्पण

*8 करोड़ की लागत से बनने वाले महिला छात्रावास का भी रखेंगे शिलान्यास*

- स्वास्थ्य मंत्री आरती राव, सांसद नवीन जिंदल समेत कई गणमान्य रहेंगे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में 9 करोड़ रुपये की लागत से बने परीक्षा एवं बहुउद्देशीय सभागार का लोकार्पण करेंगे तथा करीब 8 करोड़ रुपये की लागत वाले महिला छात्रावास का शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगीत का भी विमोचन होगा। कार्यक्रम में आरती राव, नवीन



कुरुक्षेत्र। श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में तैयारियों का जायजा लेते कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान।

जिंदल और सुभाष सुधा विशेष अतिथि रहेंगे। कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने बताया कि मुख्यमंत्री पौधारोपण भी करेंगे। कार्यक्रम की सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

### कुरुक्षेत्र: नाबालिग से गलत काम करने वाले डॉक्टर के खिलाफ आज प्रदर्शन

**कुरुक्षेत्र।** सरकारी अस्पताल कुरुक्षेत्र में गत 31 मई को 15 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ डॉक्टर शैलेंद्र शर्मा शैली द्वारा किए गए गलत काम के खिलाफ कुरुक्षेत्र की जनता और विभिन्न संगठनों में भारी आक्रोश है। इस शर्मनाक घटना के खिलाफ सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस, जनवादी महिला समिति, रिटायर्ड कर्मचारी संघ, एसएफआई, एआईएलयू, सर्व कर्मचारी संघ आदि संगठनों ने कल प्रदर्शन का आह्वान किया है। पीड़ित बेटी को न्याय दिलाने और आरोपी डॉक्टर को सख्त से सख्त सजा सुनिश्चित दिलाने के लिए 5 जून 2026 को सुबह 10:00 बजे कुरुक्षेत्र के बिरला मंदिर पर एक विशाल विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। सीटू की जिला संयोजक रानी देवी ने बयान जारी करते हुए कहा कि उक्त आरोपी डॉक्टर पर पहले भी इस तरह के गंभीर मामले दर्ज थे।

## किराये के 250 रुपये मांगने पर ई-रिक्शा चालक पर ईंटों से हमला, नाक की हड्डी टूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जगाधरी क्षेत्र में किराये के 250 रुपये को लेकर हुए विवाद में एक ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी महिलाओं द्वारा ईंट से हमला किए जाने पर चालक की नाक की हड्डी में फ्रैक्चर आ गया। घायल का उपचार सिविल अस्पताल में चल रहा है।जानकारी के अनुसार, जगाधरी निवासी सतनाम सिंह ई-रिक्शा चलाता है। दो दिन पूर्व बस स्टैंड के पास दो महिलाओं ने रेलवे स्टेशन से



घायल चालक का इलाज सिविल अस्पताल में चल रहा है

आगे नए पुल तक जाने के लिए उसका ई-रिक्शा बुक किया था, जिसमें 250 रुपये किराया तय हुआ था। रास्ते में रामपुरा के पास दोनों महिलाएं उतरकर यह कहकर चली गईं कि वे थोड़ी देर में लौटेंगी, लेकिन वापस नहीं आईं।बाद में बुधवार रात अग्रसेन चौक के पास सतनाम सिंह को वही महिलाएं दिखाई दीं। उसने उनसे किराये के पैसे मांगे तो विवाद शुरू हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर 150 रुपये देने पर सहमति बनवाई, लेकिन विवाद फिर बढ़ गया। महिला ने चालक को पकड़ लिया, जबकि दूसरी ने सड़क से ईंट उठाकर उसके चेहरे पर मार दी। घायल चालक को पुलिस ने सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी नाक में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नौल्था: कबाड़ गोदाम में आग, भारी नुकसान

**पानीपत।** इसराना थाना क्षेत्र के गांव नौल्था स्थित इंदिरा कॉलोनी में एक कबाड़ गोदाम में देर रात शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि गोदाम में रखा अधिकांश सामान जलकर नष्ट हो गया। गोदाम मालिक बहादुर के परिवार के अनुसार रात करीब एक बजे पड़ोसियों ने आग की सूचना दी। इसके बाद तुरंत पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पायाए लेकिन तब तक लाखों रुपये मूल्य का सामान जल चुका था। आग की वजह से गोदाम की लकड़ी और छत का ढांचा भी क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बारदाने की कमी पर वेयरहाउसिंग निगम के जिला प्रबंधक निलंबित

- अंबाला अनाज मंडी में किसानों व आढ़तियों को हुई थी दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि अंबाला कैंट अनाज मंडी में बारदाने की कमी के चलते हरियाणा स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन ने जिला प्रबंधक (डीएम) पीके गुप्ता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बता दें कि अम्बाला कैंट अनाज मंडी में बारदाने की कमी से किसानों एवं आढ़तियों को हुई परेशानियों को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन द्वारा मामला हरियाणा राज्य भंडारण निगम के उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया था। इसके चलते जिला प्रशासन की सिफारिश के आधार पर जिला प्रबंधक पीके गुप्ता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उपायुक्त ने कहा कि किसानों की फसल खरीद और उठान कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही या बाधा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मंडियों में बारदाना, उठान और अन्य व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हों, इसके लिए प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा है। उपायुक्त तोमर ने कहा कि सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और मंडियों में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम ने चोर को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम ने नाकाबंदी के दौरान एक चोर को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बाइक व गांव बक्करवाला के खेतों से मोटर चोरी का खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। सेल के इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक चोरी की बाइक को लेकर ताजेवाला होते हुए जाएगा। इस सूचना के आधार पर मुख्य सिपाही हरविलास, रविंदर, योगेश, नरेश व जितेंद्र के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद एक युवक बाइक में आता दिखाई दिया। टीम ने उसको रोककर जांच की तो उनके पास से चोरी की बाइक बरामद हुई। पूछताछ में जिसकी पहचान गांव टिब्बी अराइयां निवासी जयकुमार उर्फ गोल्डी के नाम से हुई।

## 8.19 ग्राम हेरोइन व 650 नशीले कैप्सूल के साथ पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सीआईए टू पुलिस टीम ने गांव भवानीपुर मोड़ के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 8.19 ग्राम हेरोइन व 650 प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे रिमांड पर लिया गया है। सीआईए टू पुलिस टीम में तैनात पीएसआई रजत शर्मा ने बताया कि वह शाम को टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान टीम को सूचना मिली थी कि गांव भवानीपुर मोड़ के पास एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। आरोपी नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में है। संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 8.19 ग्राम हेरोइन व 650 प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल बरामद हुए। जिनकी कीमत करीब 54 हजार रुपये है। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान गांव ज्ञानेवाला निवासी हर्ष कमल के रूप में हुई।

### घरौंडा के हरिसिंहपुरा में महिला ने फंदा लगाकर दी जान

**घरौंडा।** करनाल जिले के घरौंडा थाना क्षेत्र के गांव हरिसिंहपुरा में एक महिला ने देर रात फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय परिवार के लोग घर के बाहर सो रहे थे। सुबह जब महिला का पति अंदर गया तो वह फंदे पर लटकी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए करनाल के मोर्चरी भेजा गया है। मृतका की पहचान गन्नौर की 27 वर्षीय मीनाक्षी के रूप में हुई है। उसकी पहले शादी हुई थी, लेकिन बाद में तलाक हो गया था।

## विदेश भेजने के नाम पर 30 लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये हड़पने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया हे।



आरोपी की पहचान हरभजन सिंह वासी हरशद पट्टी पंजोखरा के रूप में हुई है। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक रवीश कुमार ने बताया कि कि शिकायतकर्ता रवि कुमार वासी गांव देवीदास पुरा कुरूक्षेत्र ने 19 मई 2026 को शिकायत दी थी कि 26 फरवरी 2026 से 27 अप्रैल 2026 के बीच आरोपी हरभजन सिंह व अन्य ने सनफ्लाई ओवरसीज जलबेहड़ा रोड स्थित कार्यालय पर उसे व उसकी बहन को विदेश भेजने का झांसा देकर उससे 30 लाख रूपये हड़प लिए। आरोपी ने न तो उन्हें विदेश भेजा और न ही पैसे वापिस किए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने साक्ष्यों और गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त आरोपी हरभजन सिंह को गिरफ्तार किया।

जिंदल पार्क में पांच दिवसीय मोटापा एवं घुटना रोग निवारण योग शिविर शुरू

# भारत में हैं दुनिया के 20% मोटापा रोगी : गुलशन

- 2050 तक भारत में मोटापा रोगियों की संख्या 44 करोड़ पहुंचने की आशंका
- योग, प्राणायाम और संतुलित जीवनशैली को बताया मोटापे से बचाव का उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

आधुनिक युग में पूरे विश्व में मोटापा एक प्रमुख समस्या बन चुकी है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में पूरे विश्व में 2.5 अरब से अधिक वयस्कों का वजन सामान्य से अधिक है। मोटापे की श्रेणी में आने वाले लोगों की कुल संख्या लगभग 90 करोड़ है । अकेले भारतवर्ष में मोटापे की श्रेणी में आने वाले वयस्कों की संख्या विश्व की कुल संख्या का 20% यानी 18 करोड़ के लगभग है जिसके सन् 2050 तक बढ़कर 44 करोड़ होने की संभावना है। यह जानकारी भारतीय योग संस्थान पंजीकृत दिल्ली की हरियाणा प्रांत इकाई के संगठन मंत्री गुलशन कुमार ग्रोवर ने



कुरुक्षेत्र। शिविर में योग साधना करते भारतीय योग संस्थान के साधक गण। फोटो : हरिभूमि

कृष्ण योग जिला के तत्वावधान में जिंदल पार्क, झांसा रोड़ में आयोजित पांच दिवसीय निशुल्क योग द्वारा मोटापा एवं घुटना रोग निवारण शिविर के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित साधकों को संबोधित करते हुए दी । शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि गुलशन कुमार ग्रोवर, जिला प्रधान देवी दयाल सैनी, उप प्रधान श्याम पराशर, प्रचार मंत्री सतीश शर्मा, जोन मंत्री लक्ष्मण, केंद्र प्रमुख दीपक, सत प्रकाश व राजकुमार सहित सभी अतिथियों व अधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर गायत्री मंत्र उच्चारण के साथ किया ।

#### अनियमित दिनचर्या और खानपान से बढ़ रहा मोटापा

गुलशन कुमार ग्रोवर, सुरेश कुमार अरोड़ा व अन्य प्रशिक्षित योग शिक्षकों ने मोटापा रोगियों के लिए विशेष प्रकार की सूक्ष्म क्रियाओं, योगासनों, हास्यासन, प्राणायाम, मुद्राओं व ध्यान साधना का अभ्यास निषेध, सही विधि व लाभ बता कर करवाया। देवी दयाल सैनी एवं दीपक ने सभी योग क्रियाओं का सुंदर प्रदर्शन किया। गुलशन ग्रोवर ने बताया कि हमारी निष्क्रीय दिनचर्या, दूषित खान पान, अधिक सुख सुविधाओं व धन कमाने के प्रति होड़, संस्कार रहित जीवन शैली व अन्य कई कारणों से समाज में मोटापा सभी वर्ग के लोगों में बहुत तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने सेब व नाशपाती के आकार के मोटापे के बारे में भी बताया। उन्होंने आगे बताया कि शरीर में अधिक वसा के कारण चर्बी वाली कोशिकाओं अर्थात एडिपोसाइट्स की संख्या अधिक हो जाने व उनका आकार बढ़ने से मोटापा तेजी से बढ़ने लगता है। अनुवांशिक कारणों से भी मोटापा बढ़ता है । मोटापे के रोगी को अन्य भी कई प्रकार के रोग घेर लेते हैं।

## कलेसर जंगल में अवैध कटाई: खैर की लकड़ी के साथ आरोपी गिरफ्तार

- वन जीव विभाग की टीम ने आरोपी को अदालत में पेश कर शुरू की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

वन्य जीव विहार कलेसर के टिबड़ियां जंगल से अवैध रुप से खैर की लकड़ी काटने के आरोप में वन जीव विभाग की टीम ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी को वन जीव विभाग की टीम ने अदालत में पेश कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जिला वन अधिकारी संदीप सैनी ने बताया कि उप वन रक्षक सुशील कुमार व वन दरोगा हरीश के नेतृत्व में वन विभाग की टीम जंगल में गश्त पर थी। इसी दौरान टीम ने टिबड़ियां जंगल क्षेत्र में अवैध रूप से खैर के पेड़ों की कटाई की सूचना मिली। सूचना मिलते ही टीम ने



यमुनानगर। वन जीव विभाग की टीम द्वारा जंगल से खैर की लकड़ी काटने के आरोप में गिरफ्तार किया गया आरोपी। फोटो : हरिभूमि

दबिश दी तो वहां से एक व्यक्ति अवैध रुप से खैर की लकड़ी काटकर ले जाते हुए मिला। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जबकि उसके अन्य साथी मौके से फरार हो गए। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी की पहचान टिबड़ियां क्षेत्र के निवासी के रुप में हुई है। जिला वन अधिकारी संदीप सैनी ने बताया कि वन जीव विभाग की टीम ने प्रारंभिक जांच में पाया कि आरोपियों द्वारा संरक्षित वन क्षेत्र में अवैध रूप से खैर के पेड़ों की कटाई की गई थी। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के दौरान उसके अन्य साथियों के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई है। फरार आरोपी टिबड़ियां क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### ट्रेड डील में किसानों के हितों की सुरक्षा की मांग

**करनाल।** भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित ट्रेड डील को लेकर भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम ने किसानों की चिंताओं को प्रमुखता से उठाया है। संगठन



के प्रवक्ता बहादुर मैहला बलड़ी ने कहा कि किसी भी व्यापारिक समझौते में किसानों के हितों की अनदेखी स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान पहले ही बढ़ती उत्पादन लागत, प्राकृतिक आपदाओं और फसलों के उचित मूल्य जैसी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। ऐसे में विदेशी कृषि उत्पादों को बढ़ावा देने वाली नीतियां किसानों की आर्थिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती हैं। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि कृषि, डेयरी और पोल्ट्री क्षेत्रों को ट्रेड डील के दायरे से बाहर रखा जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसानों के हितों के विपरीत कोई निर्णय लिया गया तो संगठन देशव्यापी आंदोलन शुरू करने से पीछे नहीं हटेगा।

### इग्नू में जुलाई 2026 सत्र के दाखिले शुरू

**करनाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जुलाई 2026 सत्र के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल ने बताया कि विश्वविद्यालय दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों तक गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा पहुंचाने का कार्य कर रहा है। ऐसे विद्यार्थी जो किसी कारणवश नियमित कॉलेज या विश्वविद्यालय में अध्ययन नहीं कर सकते, वे इग्नू के माध्यम से अपनी पढ़ाई जारी रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि नौकरीपेशा अभ्यर्थियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए भी इग्नू की दूरस्थ शिक्षा प्रणाली एक उपयोगी मंच है। इच्छुक विद्यार्थी अपनी सुविधा अनुसार विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले सकते हैं।

### आत्मरक्षा प्रशिक्षण से बढ़ता है आत्मविश्वास



**करनाल।** सेवा भारती द्वारा संचालित समर्थ किशोरी प्रकल्प के अंतर्गत सेवा श्री आश्रम में जिला स्तरीय आत्मरक्षा जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सेवा भारती के जिलाध्यक्ष विपिन अरोड़ा ने कहा कि वर्तमान समय में बालिकाओं का आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी होना बेहद जरूरी है तथा आत्मरक्षा प्रशिक्षण उन्हें हर चुनौती का सामना करने में सक्षम बनाता है। मार्शल आर्ट अकादमी के संचालक मास्टर सतीश राणा और स्वर्ण पदक विजेता ब्लैक बेल्ट खिलाड़ी सरिता रोहिला ने बालिकाओं को आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। संकट की परिस्थितियों में साहस और सूझबूझ के साथ स्वयं की सुरक्षा कैसे की जा सकती है। कार्यक्रम में निर्मल कुटिया स्कूल की छात्राओं सहित सिलाई, रूप-सज्जा और कंप्यूटर केंद्र की लगभग 100 बालिकाओं ने भाग लिया।

# विकास कार्यों में तेजी लाने शिकायतें निपटाने के निर्देश

## उपायुक्त ने बैठक में विभागों की प्रगति की समीक्षा की

- बोर्ड ऑफ डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर्स की बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




**करनाल।** बोर्ड ऑफ डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर्स की बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आनंद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बोर्ड ऑफ डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर्स की बैठक में जिले में चल रहे विकास कार्यों और विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को सभी परियोजनाएं तय समयसीमा में पूरी करने तथा सीएम विंडो की लंबित शिकायतों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में पीएनडीटी एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया। उपायुक्त ने कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाने और लिंगानुपात में सुधार के लिए नियमित छापेमारी करने के निर्देश दिए। वहीं पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया ने ग्रामीण क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और संबंधित विभागों को तुरंत सूचना देने को कहा। उपायुक्त ने जल संचय जन भागीदारी अभियान में सभी विभागों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। करनाल को इस अभियान में उत्तरी भारत के अग्रणी जिलों में शामिल करने का लक्ष्य रखा जाए। बैठक में ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई, अवैध कब्जों की रोकथाम, यमुना क्षेत्र में बाढ़ सुरक्षा प्रबंध, नहरों और ड्रेनों की सफाई सहित विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की गई। अमृत योजना, पीएम सूर्य घर योजना, स्कूल शिक्षा, निपुण भारत मिशन, सुपर-100 योजना और पौधारोपण अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

### मतदाता सूची का घर-घर सत्यापन 15 से होगा



प्रेस वार्ता को संबोधित करते उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा।

**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक शुद्ध और त्रुटिरहित बनाना है। उन्होंने बताया कि 15 जून से 14 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। इस दौरान किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से नहीं हटाया जाएगा, जबकि अपात्र व्यक्तियों के मामलों में निर्धारित प्रक्रिया के तहत कार्रवाई होगी। एक जुलाई 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा भी मतदाता सूची में नाम दर्ज करवा सकेंगे। उपायुक्त ने बताया कि 21 जुलाई को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित होगी और 21 जुलाई से 20 अगस्त तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। अंतिम मतदाता सूची 22 सितंबर को प्रकाशित होगी। उन्होंने कहा कि जिले में 1181 बीएलओ और उनके पर्यवेक्षण के लिए सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं। उन्होंने नागरिकों से अभियान में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी जानकारी या शिकायत के लिए निर्वाचन आयोग के टोल फ्री नंबर 1950 पर संपर्क किया जा सकता है।

## ऋषिकेश में गूंजा संस्कृति और अध्यात्म का संगम



**करनाल।** ऋषिकेश में आयोजित कार्यक्रम के दौरान महापौर रेणु बाला गुप्ता व अन्य अतिथि। *फोटो : हरिभूमि*

- अखिल भारतीय महापौर परिषद की बैठक में शामिल हुईं महापौर रेणु बाला गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

देवभूमि ऋषिकेश में आयोजित अखिल भारतीय महापौर परिषद की 117वीं बैठक के दौरान शहरी विकास के साथ संस्कृति और आध्यात्मिक विरासत पर भी विशेष चर्चा हुई। परिषद की अध्यक्ष एवं करनाल की महापौर रेणु बाला गुप्ता की मौजूदगी में त्रिवेणी घाट पर मां गंगा की भव्य आरती और सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा भी उपस्थित रहे। गंगा आरती के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार, दीपों की जगमगाहट और भक्तिमय वातावरण ने सभी को आध्यात्मिक अनुभूति कराई। इसके बाद आयोजित सांस्कृतिक संध्या में जागर सम्राट प्रीतम भरतवाण की लोकगायन प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही।

महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि ऐसे आयोजन भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक शहरी विकास के साथ सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है।

## कल्याणकारी योजनाओं और संगठन की मजबूती पर चर्चा

- भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज इंद्री



**इंद्री।** भाजपा की संगठनात्मक बैठक मे उपस्थित विधायक व भाजपा कार्यकर्ता।

भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक बैठक का आयोजन बजाज पैलेस इंद्री में किया गया। इस बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, विधायकों और पदाधिकारियों सहित भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन की मजबूती तथा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए रणनीति तैयार करना था।

बैठक को संबोधित करते हुए विधायक योगेंद्र राणा ने संगठन की बारीकियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी और बूथ स्तर पर सजग रहकर कार्य करने का आह्वान किया। विधायक रामकुमार कश्यप ने अपने संबोधन में केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, अंत्योदय और जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल जी के नेतृत्व और उनके कार्यकाल में हरियाणा में हुए बिना पर्ची-बिना खर्ची के ऐतिहासिक विकास कार्यों व जनहित की नीतियों की भी जमकर सराहना की।

### दादूपुर में स्वास्थ्य जांच शिविर, सैकड़ों लोगों ने उठाया लाभ

**करनाल।** आर्य समाज मंदिर दादूपुर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और मानवता जन शक्ति फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाई और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया।

शिविर में जनरल स्वास्थ्य जांच, नेत्र, दंत, स्त्री रोग, शुगर, उच्च रक्तचाप सहित विभिन्न बीमारियों की जांच की गई। जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। फाउंडेशन के अध्यक्ष हरदीप राणा ने कहा कि संस्था समाज के जरूरतमंद वर्गों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। आयोजन को सफल बनाने में राजविंद्र कौर, अभिषेक, साक्षी, डॉ. कोमल, शमशेर सिंह आर्य, तरसेम आर्य, प्रिंसिपल प्रकाश आर्य और रामकुमार आर्य सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने सहयोग दिया।

## कांग्रेस सेवादल में गुरमीत सिंह को मिली प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी

- प्रदेश अध्यक्ष डॉ. पूनम चौहान ने सौंपा नियुक्ति पत्र, दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



**करनाल।** प्रदेश अध्यक्ष डॉ. पूनम चौहान से नियुक्ति पत्र प्राप्त करते गुरमीत सिंह। *फोटो : हरिभूमि*

कांग्रेस सेवादल संगठन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले गुरमीत सिंह को प्रदेश स्तर पर बड़ी जिम्मेदारी मिली है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. पूनम चौहान ने उन्हें प्रदेश महासचिव पद का नियुक्ति पत्र सौंपकर संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी।

जिला प्रधान अनिल शर्मा ने बताया कि गुरमीत सिंह लंबे समय से संगठन के प्रति समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं। उनकी मेहनत और सक्रियता को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। इस अवसर पर डॉ. पूनम चौहान ने कहा कि संगठन में कार्यकर्ताओं की मेहनत और निष्ठा का सम्मान किया जाता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि गुरमीत सिंह प्रदेशभर में संगठन की नीतियों और कार्यक्रमों को मजबूती से आगे बढ़ाएंगे।

#### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में जसबीर पन्नू, सुनील, बलजीत चौहान, ईशम सिंह चौहान, सुखवीर सिंह, राजपाल सिंह, श्रवण कुमार, सुनील शर्मा, प्रशोत्तम चौरा और सचिन तोमर सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पेपर लीक के विरोध में यूथ कांग्रेस निकालेगी मशाल जुलूस

- हरियाणा यूथ कांग्रेस ने युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने का लगाया आरोप, एनटीए भंग हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

पेपर लीक और भर्ती प्रक्रियाओं में कथित अनियमितताओं के विरोध में हरियाणा यूथ कांग्रेस ने आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। संगठन के वरिष्ठ उपप्रधान सोमिल संधू ने बताया कि पांच जून को पानीपत में मशाल जुलूस निकाला जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में युवा और कार्यकर्ता भाग लेंगे।

उन्होंने बताया कि जुलूस से पहले कार्यकर्ता स्काईलार्क रिसोर्ट के निकट एकत्रित होंगे। कार्यक्रम का नेतृत्व यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब करेंगे। सोमिल संधू ने आरोप लगाया कि लगातार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों ने लाखों युवाओं के भविष्य को प्रभावित किया है और रोजगार के अवसरों पर भी सवाल खड़े किए हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया और युवाओं के लिए न्याय की मांग कर रही है। संगठन ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को भंग करने तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग दोहराई। उन्होंने बताया कि छह जून को कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री आवास के घेराव का भी कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।

### ग्राम सभाओं में गूंजेगा स्वच्छता और हरियाली का संदेश : चौहान

**नीलोखेड़ी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को प्रदेशभर की ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय और जल शक्ति मंत्रालय के संयुक्त आह्वान पर होने वाले इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, जल बचाव और जनभागीदारी को बढ़ावा देना है। हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि सभी ग्राम पंचायतों को अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। ग्राम सभाओं में ग्रामीणों को स्वच्छ और हरित गांव बनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विषयों पर चर्चा होगी।

## 9 से 15 जून तक होगी श्रीमद्भागवत कथा : गर्ग

- आचार्य श्री शिव प्रसाद ढकाल होंगे कथाव्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

गर्ग राइस मिल्स और गर्ग फाइन फूड्स तरावड़ी की ओर से उत्तराखंड स्थित पावन तीर्थ श्री बद्रीनाथ धाम में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह सात दिवसीय आध्यात्मिक महोत्सव 9 जून से 15 जून तक आयोजित होगा, जिसमें श्रद्धालु भाग लेकर धर्म, भक्ति और ज्ञान की अमृतवर्षा का लाभ प्राप्त करेंगे। आयोजन का शुभारंभ 9 जून को विशाल कलश यात्रा के साथ किया जाएगा। कथा का आयोजन पंजाब एवं सिंध धर्मशाला, बद्रीनाथ धाम में प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सायं 6 बजे तक होगा। गर्ग फाइन फूड्स के सीएमडी रमेश गर्ग, निलेश गर्ग, राहुल गर्ग एवं रजत गर्ग ने बताया कि यह आयोजन ब्रह्मलीन बाबा बंसी वाले जी महाराज की पावन प्रेरणा एवं सानिध्य में तथा श्री गीता संस्कृत महाविद्यालय, हरिद्वार के साहित्याचार्य आचार्य श्री शिव प्रसाद ढकाल जी के आशीर्वाद से संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि कथा का रसपान कराने के लिए श्री ब्रज सेवा संस्थान, वृंदावन के संस्थापक अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध कथाव्यास आचार्य श्री रविन्द्र कृष्ण जी महाराज श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण की दिव्य कथाओं का श्रवण कराएंगे।

## न्यूज डायरी

### विद्यार्थियों को बताए स्वस्थ जीवन के मंत्र

**करनाल।** पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के तहत आईडीवाई प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में करीब 100 विद्यार्थियों ने भाग लेकर योग संबंधी जानकारी हासिल की। आयुर्वेदिक योग प्रशिक्षक अनुराग, काजल और कुसुमलता ने विद्यार्थियों को योग प्रोटोकॉल की विभिन्न गतिविधियों और उनके स्वास्थ्य लाभों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित योग अपनाने और स्वस्थ जीवनशैली विकसित करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर योग नोडल अधिकारी डॉ. यशपाल, डॉ. विजय कुमार सहित अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।

### लोगों की समस्याओं का किया समाधान



तरावड़ी कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनते विधायक भगवानदास कबीरपंथी।

**तरावड़ी।** हलके के विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने तरावड़ी अनाजमंडी स्थित भाजपा कार्यालय में विभिन्न गांवों से आए लोगों की समस्याएं सुनी। इस मौके पर हल्के के सैकड़ों ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और अपनी-अपनी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी हाल में हल्कावासियों को अपने कार्यों के लिए परेशान नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता ने उन्हें सेवा का अवसर दिया है और वे हर पल लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। विधायक ने कहा कि मैं जनसेवक हूं, जनता का प्रतिनिधि नहीं बल्कि उनका सेवक बनकर कार्य कर रहा हूं। हल्के के किसी भी व्यक्ति को किसी काम में कठिनाई नहीं आने दी जाएगी। हर समस्या का समयबद्ध समाधान करवाना मेरी जिम्मेदारी है। इस दौरान विभिन्न गांवों से आए प्रतिनिधियों ने पानी, बिजली, सड़क, नालियों, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़ी कई समस्याएं रखीं। विधायक ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### पेड़ों के संरक्षण का दिया संदेश

**करनाल।** पर्यावरण संरक्षण के लिए लगाए गए ट्री गार्ड अब कई स्थानों पर पेड़ों के विकास में बाधा बन रहे हैं। समय पर नहीं हटाए जाने के कारण लोहे के ट्री गार्ड बड़े हो चुके पेड़ों के तनों में धंस गए हैं, जिससे उनके प्राकृतिक विकास पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। इस समस्या को देखते हुए लक्ष्य जनहित सोसायटी ने "ट्री गार्ड फ्री ट्री अभियान" शुरू किया है। संस्था के फाउंडर चेयरमैन दिनेश बख्शी ने बताया कि अब तक करनाल, नीलोखेड़ी, तरावड़ी, कुरुक्षेत्र, फरीदाबाद और भिवानी सहित विभिन्न क्षेत्रों में 3100 से अधिक पेड़ों को ट्री गार्ड से मुक्त कराया जा चुका है। उन्होंने कहा कि शुरुआती वर्षों में पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड जरूरी होते हैं, लेकिन पेड़ बनने के बाद उन्हें हटाना भी उतना ही आवश्यक है। कई बार लोहे की जालियां और तारें पेड़ों के तनों में धंस जाती हैं, जिससे उन्हें नुकसान पहुंचता है। संस्था के सदस्य मुकेश, हितेश गुप्ता और युवा प्रशांत ने लोगों से अपील की कि यदि आसपास कोई पेड़ ट्री गार्ड में फंसा दिखाई दे तो इसकी सूचना दें। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उनकी देखभाल और संरक्षण भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

### गोहाना रोड और मंगल कॉलोनी क्षेत्र में सड़कें और निर्माण ध्वस्त

# चार अवैध कॉलोनियों पर चला पीला पंजा

- बिना स्वीकृति विकसित की जा रही कॉलोनियों में निवेश से बचें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



**करनाल।** अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए डीटीपी विभाग की टीम।

जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) विभाग ने अवैध कॉलोनियों के खिलाफ अभियान जारी रखते हुए बुधवार को करनाल में चार अवैध कॉलोनियों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। पुलिस बल की मौजूदगी में हुई इस कार्रवाई के दौरान कई निर्माण और कॉलोनियों में विकसित किए गए ढांचे ध्वस्त किए गए।

डीटीपी विभाग के अनुसार गोहाना रोड क्षेत्र में स्थित करीब आठ एकड़ में विकसित एक अवैध कॉलोनी में एक निर्माणाधीन मकान और कच्ची सड़कों को तोड़ा गया। वहीं मंगल कॉलोनी के पीछे लगभग 1.28 एकड़ क्षेत्र में विकसित दूसरी अवैध कॉलोनी में भी बनाई गई कच्ची सड़कें हटाई गईं। इसके अलावा गोहाना रोड स्थित मंगल कॉलोनी पार्ट-2 के समीप करीब 3.5 एकड़ में विकसित तीसरी अवैध कॉलोनी में सीवर लाइन और पक्की सड़कों को ध्वस्त किया गया। चौथी कॉलोनी, जो मंगल कॉलोनी पार्ट-2 के पीछे लगभग 2.5 एकड़ क्षेत्र में विकसित की जा रही थी, वहां आठ डीपीसी और कच्ची सड़कों को हटाया गया। डीटीपी कार्यालय ने स्पष्ट किया कि जिले में अवैध कॉलोनियों और अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। विभाग द्वारा समय-समय पर लोगों को चेतावनी भी दी जाती रही है कि बिना स्वीकृति विकसित की जा रही कॉलोनियों में निवेश करने से बचें, अन्यथा नुकसान की जिम्मेदारी स्वयं की होगी।

#### लाइसेंस प्राप्त कॉलोनियों में ही करें निवेश

जिला नगर योजनाकार ने नागरिकों से अपील की कि वे किसी भी भूखंड या मकान की खरीद से पहले संबंधित कॉलोनी की वैधता की जांच अवश्य करें। केवल टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग, हरियाणा से लाइसेंस प्राप्त कॉलोनियों में ही निवेश करें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### योग से होता है नई ऊर्जा का संचार : डॉ. मित्तल

**तरावड़ी।** तरावड़ी इको सिटी में आयोजित योग शिविर में आज साधकों ने योगा एवं प्रणायाम के गुर सीखे और बढ़चढ़ कर योग शिविर में हिस्सा लिया। इस अवसर पर करनाल से आए योग शिक्षक डा. मनोज मित्तल ने योग का महत्व बताते हुए कहा कि मनुष्य को पैक्ड फूड का सेवन नहीं करना चाहिए बल्कि ताजा और स्वच्छ भोजन का ही सेवन करना चाहिए। डा. मनोज मित्तल ने कहा कि वर्तमान समय की भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग का महत्व लगातार बढ़ता जा रहा है। योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को संतुलित रखने की एक प्राचीन भारतीय पद्धति है। योग शिक्षक मनोज कामरा एवं अंजलि कामरा ने कहा कि नियमित योग करने से शरीर में ऊर्जा का संचार होता है तथा व्यक्ति स्वयं को अधिक स्वस्थ, सक्रिय और सकारात्मक महसूस करता है।

## खबर संक्षेप

### शिक्षामंत्री महीपाल ढांडा को सौंपा ज्ञापन

**पानीपत।** हरियाणा यूनिवर्सिटीज कॉन्ट्रैक्चुअल टीचर्स एसोसिएशन हुकटा के प्रतिनिधिमंडल ने उच्च शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा से मुलाकात कर विश्वविद्यालयों में कार्यरत अनुबंधित शिक्षकों के लिए जॉब सिक्योरिटी बिल लाकर उसे एक्ट का रूप देने तथा रोजगार सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। मंत्री ने आश्वासन दिया कि सरकार अनुबंधित शिक्षकों के जॉब सिक्योरिटी देने के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है तथा नियमितीकरण के कानूनी पहलुओं पर भी विचार किया जा रहा है। हुकटा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ.विजय मलिक ने बताया कि हरियाणा के विश्वविद्यालयों में लगभग 1400 अनुबंधित सहायक प्राध्यापक वर्षों से सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने मांग की कि शिक्षकों को अन्य अनुबंधित कर्मचारियों की तरह कानूनी सेवा.सुरक्षा प्रदान करने के लिए शीघ्र जॉब सिक्योरिटी एक्ट लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि इससे शिक्षकों को मानसिक एवं आर्थिक सुरक्षा मिलेगी और वे अधिक समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकेंगे। मुलाकात के दौरान हुकटा प्रतिनिधिमंडल में डॉ.सुमन रंगा,डॉ. अमित मलिक, डॉ.सोहन लाल, डॉ.प्रवीण कुमार, डॉ.निधि यादव, डॉ.अंजू देवी व डॉ. पूनम उपस्थित रहे।

## अब व्यवस्था बदल चुकी है, जनता की समस्याओं का समाधान ही प्राथमिकता

# जनता दरबार में शिक्षा मंत्री ने लोगों के बीच में बैठकर सुनीं समस्याएं

**सार्वजनिक जीवन में शिष्टाचार और मर्यादा का विशेष महत्व**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

सेक्टर 13-17 स्थित भाजपा जिला कार्यालय श्याम कमल में आयोजित जनता दरबार के दौरान हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा का एक अलग और सहज रूप देखने को मिला। आमतौर पर जनसुनवाई कार्यक्रमों में मंत्री और अधिकारी मंच या कुर्सी पर बैठकर लोगों की समस्याएं सुनते हैं, लेकिन महीपाल ढांडा ने लोगों के बीच जाकर जमीन पर बैठकर उनकी शिकायतें सुनीं और आवेदन स्वीकार किए। जनता दरबार के दौरान उन्होंने कहा कि कई बार भीड़ अधिक होने के कारण अनेक जरूरतमंद लोग अपनी बात नहीं रख पाते।

इसी वजह से उन्होंने व्यवस्था में थोड़ा बदलाव करते हुए लोगों के बीच जाकर सीधे संवाद करने का निर्णय लिया ताकि किसी भी व्यक्ति की समस्या अनसुनी न रह जाए। पत्रकारों से बातचीत के दौरान शिक्षा मंत्री ने हाल ही में इनेलो नेता अर्जुन चौटाला और एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के बीच हुए विवाद पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में शिष्टाचार और मर्यादा का विशेष महत्व होता है तथा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करना हर जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी है। उनके अनुसार राजनीति में सफलता और जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए धैर्य, संयम और विनम्रता आवश्यक गुण हैं। वहीं कॉकरेच जनता पार्टी को लेकर पूछे गए सवाल पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि ऐसे छोटे राजनीतिक प्रयासों पर अधिक चर्चा करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि जिन संगठनों का जनाधार या प्रभाव नहीं है उन पर अनावश्यक प्रतिक्रिया देने के बजाय जनहित के मुद्दों पर ध्यान देना अधिक महत्वपूर्ण है।



पानीपत। जमीन पर बैठकर जनता की समस्याएं सुनते मंत्री महीपाल ढांडा।

### राजनीति में शालीनता की जरूरत : ढांडा

जनता दरबार के इतर पत्रकारों से बातचीत करते हुए शिक्षा मंत्री ने हाल ही में इनेलो नेता अर्जुन चौटाला और एसपी के बीच हुए तीखे विवाद और प्रकरण पर भी बड़ा बयान दिया। महिपाल ढांडा ने दो टूक शब्दों में कहा कि जो लोग प्रशासनिक अधिकारियों के साथ इस तरह का व्यवहार करते हैं, वे राजनीति में कभी सफल नहीं हो सकते। उन्होंने नसीहत देते हुए कहा कि राजनीति के मैदान में लंबे समय तक टिकने और जनता का विश्वास जीतने के लिए बेहद संयम, धैर्य और शालीनता की जरूरत होती है, जिसका प्रदर्शन हर राजनेता को करना चाहिए।

### कॉकरोच जनता पार्टी का कोई वर्चस्व नही

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा से जब कॉकरोच जनता पार्टी सवाल किया तो, पहले तो ढांडा ने बोलने से मना कर दिया, इसके बाद बोलते हुए शिक्षा मंत्री ने कॉकरोच जनता पार्टी को खत्म बता,दिया.ढांडा ने कहा इनका कोई वर्चस्व नही इनपर बोलकर एनर्जी वेस्ट नही करनी चाहिए, ऐसी चीजें निकलती रहती है बैठती रहती है।

## न्यूज डायरी



### समाधान शिविर में 16 शिकायतों पर हुई सुनवाई

**पानीपत।** जिला सचिवालय में आयोजित जनता समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त अंकित चौकसे ने आमजन की शिकायतें सुनीं और अधिकारियों को समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जनहितकारी सोच के अनुरूप प्रशासन लोगों की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी समाधान कर रहा है। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 16 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें ईपीएफ भुगतान, खेत के रास्ते को खुलवाने तथा 11 माह के बकाया वेतन के भुगतान से जुड़े मामले प्रमुख रहे। सभी शिकायतों को संबंधित विभागों के पास आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा गया। अधिकारियों ने कहा कि समाधान शिविरों से लोगों को कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिल रही है।



### ट्रैफिक पुलिस की सख्ती, वाहनों के काटे चालान

**पानीपत।** ट्रैफिक पुलिस के उच्च अधिकारियों के आदेश पर आज समालखा शहरी ट्रैफिक पुलिस ने एक विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान के तहत पुलिस ने संदिग्ध गाड़ियों और मोटरसाइकिल चालकों को रोककर उनके दस्तावेजों की गहनता से जांच की। विशेष रूप से हुड़दंगबाजी करने वाले और पटाखा छोडने वाले बुलेट मोटरसाइकिल चालक पुलिस के रडार पर रहे। नियमों का उल्लंघन करने वाले और सडकों पर हुड़दंग मचाने वाले चालकों के मौके पर ही चालान काटे गए। समालखा शहरी ट्रैफिक इंचार्ज सतीश सैनी ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार शहर में यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है।



पानीपत। युवाओं को जानकारी देते सहायक रोजगार अधिकारी डॉ.निकिता यादव।

### जॉब फेयर में 18 युवाओं को मिला रोजगार

**पानीपत।** उपमंडल रोजगार कार्यालय द्वारा आयोजित जॉब फेयर में 18 युवाओं का चयन विभिन्न निजी संस्थानों में रोजगार के लिए किया गया। सहायक रोजगार अधिकारी डॉ. निकिता यादव ने बताया कि ऐसे रोजगार मेलों से युवाओं को नौकरी के अवसर मिलने के साथ.साथ अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच भी मिलता है। उन्होंने कहा कि रोजगार विभाग युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है और भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रहेंगे। चयनित उम्मीदवारों ने रोजगार कार्यालय तथा भाग लेने वाली कंपनियों का आभार व्यक्त किया।


### बिना सत्संग प्राप्त किए विवेक नहीं आ सकता

**पानीपत।** सनौली रोड नेता जी कालोनी स्थित श्री लक्ष्मी नारायण गणेश मन्दिर के 57वें वार्षिकोत्सव के अंतर्गत तीन दिवसीय श्री राम कथा सत्संग के अंतिम दिन प्रवचन करते हुए स्वामी दयानन्द सरस्वती जी ने सत्संग की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बिना सत्संग प्राप्त किये विवेक नहीं आ सकता। बहुत पढ़ लिखकर व्यक्ति बुद्धिमान तो बन सकता है लेकिन विवेक केवल सत्संग से ही मिलता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को यदि शक्तिशाली बनना है तो झुकना भी सीखना चाहिए। इस अवसर पर प्रधान किशन लखीना, राजेन्द्र टुटेजा, पंकज नारंग, सुषांत सेठी, गुलशन लखीना, राजेश लखीना, अश्विनी शर्मा, हरीश खुराना, राम नारायण तनेजा, तिलक राज सेठी, मोहित नारंग आदि रहे।

# एसबीआई के मैनेजर पर जानलेवा हमला, बैंक अधिकारियों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एसबीआई के चीफ मैनेजर हर्षद कुमार पर हुए जानलेवा हमले के विरोध में ऑल इंडिया बैंक ऑफि सर्स कॉन्फेडरेशन ने डीएसपी मुख्यालय सतीश वत्स को हरियाणा पुलिस महानिदेशक के नाम ज्ञापन सौंपकर तत्काल एफ आईआर दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि 1 जून की रात हिसार से पानीपत लौटते समय सेक्टर.25 स्थित घर के पास अज्ञात बदमाशों ने हर्षद कुमार पर हमला कर उनका मोबाइल फोन और सोने की चेन लूट ली। गंभीर रूप से घायल हर्षद कुमार को पहले पानीपत के अस्पताल में भर्ती कराया गया, बाद में उन्हें दिल्ली रेफर किया गया। जहां वे वेंटिलेटर सपोर्ट पर उपचाराधीन हैं। ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कॉन्फेडरेशन ने मामले की उच्चस्तरीय जांच, सीसीटीवी फुटेज की जांच, विशेष टीम गठन, आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी तथा बैंक कर्मचारियों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। संगठन ने चेतावनी दी है कि जल्द कार्रवाई नहीं होने पर बैंक अधिकारी आंदोलन कर सकते हैं।



पानीपत। डीएसपी को ज्ञापन सौंपते बैंक ऑफिसर्स कॉन्फेडरेशन के सदस्य।



### बच्चों को दिया कमांडों कोर्स का प्रशिक्षण

**पानीपत।** आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आज 5 दिवसीय सार्वदेशिक आर्यवीर दल शिविर के चौथे दिन शिविर की शुरुआत मुख्य अतिथि महेंद्र मनोचा उद्योगपति द्वारा ध्वजारोहण के साथ की गई। मुख्य वक्ता आचार्य राजकुमार शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शिविर में पहुंचने पर मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि आज देश को महर्षि दयानंद सरस्वती के मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। मुख्य अतिथि ने कहा कि जो बच्चे आर्य वीर दल की शाखा में आते हैं उन बच्चों का शारीरिक स्वास्थ्य तेजस्वी होता है। वहीं शिक्षक शिवम ने बच्चों को दंड बैठक और कमांडो कोर्स का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर प्रबंधक समिति के प्रधान भारत भूषण, मैनेजर अजय गोयल, प्राचार्य मनीष, वरुण खुराना कोषाध्यक्ष, राजेश आर्य मंडलपति, सुनील बतरा मंडल सचिव, अशोक अरोड़ा आदि रहे।



### कांस्य जीतने पर निपम चौहान का सम्मान

**बापौली।** हांगकांग में आयोजित अंडर.20 जूनियर एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप की 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीतने वाली धाविका निपम चौहान का नन्हेड़ा गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने भव्य स्वागत और सम्मान किया। इस अवसर पर यमुना सुधार समिति के प्रदेशाध्यक्ष रत्न सिंह रावल ने कहा कि निपम ने देश, गांव और अपने ननिहाल का नाम रोशन किया है। निपम ने 11.62 सेकंड में दौड़ पूरी कर कांस्य पदक जीता, जबकि वह 11.52 सेकंड के साथ राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी अपने नाम कर चुकी हैं।

# संस्कार शिविर में नैतिक शिक्षा पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

श्री वर्धमान श्वेतांबर जैन सभा अग्रवाल मंडी द्वारा जिनवाणी विद्या भारती स्कूल में आयोजित 10 दिवसीय संस्कार शिविर के पांचवें दिन आर्य कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ.एनपी जैन ने बच्चों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा से प्राप्त बुद्धि तभी सार्थक है जब उसकी दिशा सही हो। नैतिक शिक्षा के अभाव में बुद्धि का दुरुपयोग मानवता के लिए विनाशकारी साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में नैतिक मूल्यों और संस्कारों को मजबूत करने की आवश्यकता है। डॉ.जैन ने कहा कि संस्कार शिविर बच्चों में अच्छे विचार, शिष्टाचार और नैतिकता का विकास करते हैं। जिससे परिवार और समाज दोनों मजबूत बनते हैं। उन्होंने परिवार को नैतिक मूल्यों का सबसे बड़ा स्त्रोत बताते हुए उसे सुदृढ़ बनाने पर भी बल दिया। इस अवसर पर पानीपत जैन मिलन के अध्यक्ष राजेंद्र जैन, शिविर के संयोजक सुशील जैन, निकेश जैन, रेणू जैन, सर्व जैन, संदीप, राजेश, अमित, विनय, आदीश, सक्षम, कपिल, सुमन, एकता, सुदर्शना, रितू, सोनिया, मोनिका, भूमिका, समृद्धि, रिया, मनीषा, नैंसी, साक्षी, ओजस्वी, रिचा, करुणा व रचना सिंगला विशेष रूप से उपस्थित रहे।





पानीपत। संस्कार शिविर में संबोधित करते पूर्व प्राचार्य डॉ.एनपी जैन।



### वृंदा एंक्लेव ने मनाया वार्षिक उत्सव

**पानीपत।** पतंजलि योग समिति द्वारा संचालित भागवत पार्क नंबर 3 वृंदा एनक्लेव की योग कक्षा को आज 1 साल पूरा हो गया। पतंजलि प्रभारी अशोक अरोड़ा ने बताया कि आज के दिन यानी की 4 जून 2025 को क्लास शुरू की थी। उसके बाद नियमित रूप से यह योग कक्षा अशोक अरोड़ा, अंजली गुप्ता और योग शिक्षिका शालू के सहयोग से लगातार चल रही है। शुरुआती दिनों में इस कक्षा को चलाने में योग शिक्षिका रेखा सेतिया, सुमन वधवा और ललिता झाब का विशेष सहयोग रहा। जिला प्रभारी ने बताया कि इस योग कक्षा में आने वाले साधकों को बहुत सी बीमारियों में लाभ प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर अंजली गुप्ता, शालू,पिंकी,सुमन,रेखा सेतिया, सुमन वधवा, ललिता झांब, शिखा, प्रेमलता, निशा, सुनीता, राजबाला, नीलू, परवीन, बबीता, बिमला, गीता, नीलम, सरोज,

### नप पार्षदों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्षा को दी बधाई

**पानीपत।** समालखा नगर परिषद के पार्षदों एवं जनप्रतिनिधियों ने भाजपा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्षा अर्चना गुप्ता को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। नगर परिषद पार्षद प्रतिनिधि एवं समाजसेवी विकास कुहाड़ ने डा.अर्चना गुप्ता को बधाई देते हुए कहा कि पार्टी नेतृत्व द्वारा उन्हें प्रदेश अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपना महिलाओं के सम्मान और उनकी नेतृत्व क्षमता पर विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी तथा पार्टी प्रदेश में और अधिक मजबूत होगी। वहीं पार्षदों ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का भी आभार व्यक्त किया।





### 6 जून को जंतर मंतर पर होगा प्रदर्शन : जगदीप

**पानीपत।** घनघस खाप हरियाणा के प्रधान एवं वरिष्ठ अधिवक्ता जगदीप घनघस ने पेपर लीक, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के मुद्दों को लेकर 6 जून को दिल्ली के जंतर.मंतर पर युवा बेरोजगारों और कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन का ऐलान किया है। पत्रकारों को उन्होंने बताया कि अमेरिका से लौट रहे कॉकरोच जनता पार्टी के संयोजक अभिजीत दीपके का स्वागत किया जाएगा और दिल्ली पुलिस से प्रदर्शन की अनुमति मांगी जाएगी। प्रदर्शन में हालिया पेपर लीक मामलों को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग भी उठाई जाएगी। इस दौरान आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता सुखबीर मलिक ने बढ़ती बेरोजगारी, प्रॉपर्टी आईडी, रजिस्ट्री, इंतकाल शुल्क में वृद्धि और सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार के मुद्दे उठाए।

# प्रकृति संरक्षण और आध्यात्मिक उत्थान एक दूसरे के पूरक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

सेक्टर 25 स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यायल की संचालिका बीके अंजना द्वारा आज सैक्टर 25 स्थित कृष्णा पार्क में पौधरोपण किया गया। बीके अंजना ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्थान पर्यावरण संरक्षण और आध्यात्मिकता के संगम के रूप में लगातार व्यापक पौधारोपण और वृक्षारोपण अभियान चलाता रहता है। संस्थान का लक्ष्य पौधे लगाकर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है। संस्था का मानना है कि मानव विचारों और चेतना का हमारी प्रकृति पर गहरा प्रभाव पड़ता है। संस्थान के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय आबू रोड राजस्थान में वन विभाग के सहयोग से श्रृक्ष वंदन कार्यक्रम चलाया जाता है, जिसके तहत सरकारी कार्यालयों, प्रमुख सडकों और स्कूलों में हजारों पौधे रोपे जा रहे हैं। जिसके तहत विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून और विभिन्न वन महोत्सवों पर एक पेड़ इसके अलावा, किसानों की आय बढ़ाने और हरियाली को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकारों द्वारा मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना भी संचालित है। इस अवसर पर डॉ.ओम प्रकाश सेतिया, रविन्दर नांदल, दिलबाग सैनी, सुभाष गोयल, सत्यप्रकाश पालीवाल, कर्मबीर त्यागी, सचिन और डॉ.राज सेतिया आदि रहे।



पानीपत। पार्क में पौधारोपण करते आयोजक व क्षेत्र वासी। फोटो : हरिभूमि

## पांचाल शिक्षा समाज समिति की टीम ने 7 जून को पांचवें सम्मान समारोह को लेकर तैयारियों का लिया जायजा

# समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को किया जाएगा सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

हमारा पांचाल समाज शिक्षा समिति द्वारा आगामी 7 जून दिन रविवार को पानीपत के आर्य कॉलेज के सभागार में पांचवा सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। जिसमें पांचाल समाज के 10वीं व 12वीं कक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 200 बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। आज यहां समिति के प्रधान बलजीत पांचाल महम व उनकी टीम ने पानीपत जिले में पांचाल समाज के लोगों को समारोह में पहुंचने का न्यौता दिया। इस दौरान पांचाल समाज के जिला प्रधान विपिन पांचाल, गोहाना रोड श्री विश्वकर्मा मंदिर सभा के प्रधान राजकुमार पांचाल, संरक्षक विनोद पांचाल, चमन लाल पांचाल, प्रवीण पांचाल, अजय पांचाल, सुशील पांचाल, हितेश पांचाल, कंवल किशोर पांचाल, शिवकुमार भीमड़ा व कप्तान पांचाल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इन्होंने आयोजन स्थल का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया। प्रधान बलजीत पांचाल ने बताया कि समारोह में समाजसेवी जयपाल पांचाल रोहतक बतौर मुख्य अतिथि, किशन लाल पांचाल अति विशिष्ठ अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। वहीं अध्यक्षता पांचाल समाज के जिलाध्यक्ष विपिन पांचाल एवं शिक्षा मंत्री के ओएसडी संयुक्त रूप से करेंगे।



पानीपत। सम्मान समारोह का न्यौता देते शिक्षा समिति के पदाधिकारी।

### धान की सीधी बिजाई पर मिलेगा अनुदान

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ.विरेंदर कुमार दहिया ने किसानों से धान की सीधी बिजाई डीएसआर योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है। खरीफ सीजन में धान की सीधी बिजाई करने वाले किसानों को भौतिक सत्यापन के बाद 4500 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि इस तकनीक से पानी, समय और खेती की लागत में कमी आती है तथा भूजल संरक्षण को बढ़ावा मिलता है।

**कार्यालय तहसीलदार कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

**अंकित कटारिया पुत्र स्व० श्री चन्द्र कान्त कटारिया पुत्र श्री ज्ञान चन्द कटारिया निवासी मकान न0 524 एल माडल टाउन तहसील व जिला पानीपत हरियाणा व आदि**

**बनाम**

**जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि अंकित कटारिया पुत्र स्व० श्री चन्द्र कान्त कटारिया पुत्र श्री ज्ञान चन्द कटारिया निवासी मकान न0 524 एल माडल टाउन तहसील व जिला पानीपत आदि ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू पेश किया है। जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है। कि मृतक स्व० श्री चन्द्र कान्त कटारिया पुत्र श्री ज्ञान चन्द कटारिया का दिनांक 01.12.2008 को देहान्त हो चुका है। मृतक स्व० श्री चन्द्र कान्त कटारिया पुत्र श्री ज्ञान चन्द कटारिया के देहान्त के बाद निम्न वारिस/उत्तराधिकारी हैं:- 1. मन्जू कटारिया (पत्नी) 2. अंकित कटारिया (पुत्र) 3. राघव कटारिया (पुत्र) ही जायज वारिस है इसके अलावा कोई अन्य वारिस व वारसान ना है। मृतक की माता स्व० श्रीमति विश्न देवी कटारिया का अरसा पहले देहान्त हो चुका है। पार्षद / नम्बरदार व हल्का पटवारी ने भी अपनी रिपोर्ट मे उपरोक्त वारसान की तसदीक की है।

उपर दर्शाये गये वारसानों के मृतक स्व० श्री चन्द्र कान्त कटारिया पुत्र श्री ज्ञान चन्द कटारिया का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है। कि उपरोक्त मृतक स्व० श्री चन्द्र कान्त कटारिया पुत्र श्री ज्ञान चन्द कटारिया के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वंय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर अन्दर कार्यालय मे कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 04.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-
सब रजिस्ट्रार, पानीपत

**कार्यालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

**मंजू बाला पत्नी स्व० श्री रमेश कुमार पुत्र श्री लुडींदा राम निवासी मकान न0 1134 सैक्टर 11-12, तहसील व जिला पार्नीपत हरियाणा व आदि**

**बनाम**

**जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मंजू बाला पत्नी स्वा० श्री रमेश कुमार पुत्र श्री लुडींदा राम निवासी मकान न0 1134 सैक्टर 11-12, तहसील व जिला पानीपत आदि ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू पेश किया है। जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है। कि मृताक स्व० श्री रमेश कुमार पुत्र श्री लुडींदा राम का दिनांक 01-08-2025 को देहान्त हो चुका है। मृतक स्व० श्री रमेश कुमार पुत्र श्री लुडींदा राम के देहान्त के बाद निम्न वारिस उत्तराधिकारी है:- 1. मंजू बाला (पत्नी) 2. सचित कुमार (पुत्र) 3. जागृति संदूजा (पुत्री) ही जायज वारिस हैं इनके अलावा कोई अन्य वारिस व वारसान ना है। मृतक की माता स्व० श्रीमति कृष्ण देवी का अरसा पहले देहान्त हो चुका है। यह कि वारिस नं0 2 सचित कुमार (मृतक पुत्र) पुत्र स्व. श्री रमेश कुमार पुत्र श्री लुडींचा राम का दिनांक 11. 11.2023 को देहान्त हो गया है। व वारीस नं0 2 सचित कुमार (मृतक पुत्र) पुत्र स्व० श्री रमेश कुमार पुत्र श्री लुडींदा राम के देहान्त के बाद निम्नलिखित वारिस है 1. साक्षी (पत्नी) 2. कविश (पुत्र) 3. मंजू बाला (माता) ही जायज वारिस है। इनके अलावा अन्य कोई वारिस ना है। पार्षद/ नम्बरदार व हल्का पटवारी ने भी अपनी रिपोर्ट मे उपरोक्त वारसान की तसदीक की गई।

उपर दर्शाये गये वारसानो के मृतक स्व० श्री रमेश कुमार पुत्र श्री लुडींचा राम का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध मे प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है। कि उपरोक्त मृतक स्व० श्री रमेश कुमार पुत्र श्री लुडींदा राम के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर अन्दर कार्यालय मे कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 04.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-
सब रजिस्ट्रार, पानीपत

## खबर संक्षेप

### भाजपा की संगठनात्मक मीटिंग कसूहन में आज

**उचाना।** 5 जून को भाजपा की संगठनात्मक बैठक चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल कसूहन में होगी। विधायक निजी सचिव अशोक शर्मा, कसूहन मंडल अध्यक्ष संजय चहल ने बताया कि बैठक में एसआईआर अभियान, संगठन की आगामी गतिविधियों, बूथ सशक्तिकरण एवं पार्टी के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा होगी। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री का मार्गदर्शन में संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया जा रहा है। मीटिंग शाम को 5 बजे होगी।

### आर्य गुरुकुल में बच्चे सीख रहे योग के गुर

**जींद।** आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा एवं वेद प्रचार विभाग गुरुकुल कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित आर्य वीर दल योग व्यायाम प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सात जून तक आयोजित होगा। इसमें युवा वर्ग को योग, व्यायाम, वैदिक संस्कार, अनुशासन तथा चरित्र निर्माण का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उद्घाटन समारोह में पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी रामभगत शर्मा ने कहा कि योग एवं वैदिक संस्कृति भारतीय जीवन पद्धति की अमूल्य धरोहर हैं।

### सोमवती अमावस्या पर बन रहा अत्यंग दुर्लभ संयोग

**उचाना।** प्राचीन राधा-कृष्ण मंदिर पुजारी सत्यनारायण शांडिल्य ने कहा कि 15 जून को है अमावस्या सोमवार के दिन है। सोमवती अमावस्या का अत्यंत दुर्लभ संयोग बन रहा है। इस दिन स्नान-दान और पितरों के तर्पण का फल हजार गुना अधिक मिलेगा।अमावस्या तिथि की शुरुआत 14 जून दोपहर 12:19 मिनट पर होगी एवं समापन 15 जून सोमवार के दिन सुबह 8:23 मिनट को होगा। यदि संभव हो तो सुबह किसी पवित्र नदी गंगा, यमुना में स्नान करें।

### परीक्षण उपरांत बीज नमूना अवमानक पाया

**जींद।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. गिरीश नागपाल ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा बीज गुणवत्ता नियंत्रण अभियान के अंतर्गत गत 24 अप्रैल को लोहान सेल्स कॉर्पोरेशनए दुकान नंबर 74, नई अनाज मंडी जींद से ज्वार, सूडान घास किस्म एफएस 21 का बीज नमूना लिया गया था।

## चुनाव के दौरान किया था समस्या के समाधान का वादा

# दो कॉलोनियों में पानी की निकासी के लिए योजना मंजूर, 9.93 करोड़ होंगे खर्च

1. परियोजना के तहत आधुनिक स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम बनाया जाएगा
2. क्षेत्रवासियों को जलभराव की समस्या से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद
3. जनसमस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का भरोसा दिलाया

- पानी निकासी न होने से लोग थे बेहद परेशान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर**

यहां के आजाद नगर, अविनाश पुरी कॉलोनी तथा आसपास के क्षेत्र में जल निकासी की समस्या के स्थायी समाधान के लिए प्रदेश सरकार ने 9 करोड़ 93 लाख 32 हजार रुपये की परियोजना को मंजूरी दी है। परियोजना स्वीकृत होने पर दोनों कॉलोनियों के लोग बेहद खुश है। हर बरसाती सीजन में यहां पानी निकासी न होने के कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। परियोजना की मंजूरी के बाद क्षेत्र के लोगों ने पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी को लड्डू खिलाकर आभार व्यक्त किया। लोगों ने कहा कि बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या के कारण उन्हें वर्षों से परेशानियों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब इस परियोजना के पूरा होने से उन्हें बड़ी राहत मिलेगी।



शहजादपुर। पूर्व विधायक का आभार जताते लोग।

### जल निकासी का समाधान जल्द होगा पूरा

क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा का भी धन्यवाद किया। पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने कहा कि नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र एवं अंबाला सदर नगर परिषद के तहत आने वाले आजाद नगर, अविनाश पुरी और आसपास के क्षेत्रों की जल निकासी की समस्या को चुनाव प्रचार के दौरान लोगों ने अवगत कराया था। उन्होंने उस समय जनता से वायदा किया था कि सरकार बनने पर इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए विशेष परियोजना मंजूर करवाई जाएगी।

### लोगों को जल्द मिलेगी जलभराव से राहत

डॉ. पवन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र के समुचित विकास और जनसमस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। इसी सोच के तहत इस महत्वपूर्ण परियोजना को मंजूरी मिली है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र अंबाला छावनी के औद्योगिक क्षेत्र से सटा हुआ है और यहां जलभराव के कारण लोगों को आवागमन, स्वच्छता तथा स्वास्थ्य संबंधी अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता था। अब आधुनिक स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम बनने से बरसात का पानी तेजी से निकलेगा और क्षेत्रवासियों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता है कि विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव और शहर में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत किया जाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए उनके प्रयास लगातार जारी रहेंगे।

### सरकार विकास के लिए कर रही कार्य

सेनी ने मुख्यमंत्री और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा का विशेष धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके सहयोग से क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण मांग पूरी हुई है। उन्होंने क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी जनता की समस्याओं के समाधान और क्षेत्र के विकास के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करते रहेंगे।

# अंबाला को मिला आधुनिक ड्राइविंग प्रशिक्षण का तोहफा

## ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं रिसर्च संस्थान व ऑटोमेटेड व्हीकल टेस्टिंग स्टेशन'' स्थापना के लिए जमीन की रजिस्ट्री हुई

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

अंबाला छावनी में ''ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं रिसर्च संस्थान'' (आईडीटीआर) और ' ऑटोमेटेड व्हीकल टेस्टिंग स्टेशन'' (एटीएस) स्थापित करने हेतु शाहपुर में 11 एकड़ जमीन की रजिस्ट्री परिवहन विभाग के नाम हो गई है। जल्द एक बड़ी ट्रांसपोर्ट कंपनी से एमओयू होना वाला है जोकि एक सप्ताह में होने की संभावना है। मंत्री अनिल विज ने कहा कि गाड़ी चलाने वालों को अपने लाइसेंस बनाने के लिए दूर-दूर ट्रेनिंग के लिए जाना पड़ता था। लाइसेंस के लिए ट्रेनिंग अनिवार्य है। इसलिए उन्होंने अंबाला छावनी में ट्रेनिंग संस्थान खुलवाने का कार्य किया। इसके लिए शाहपुर में 11 एकड़ से अधिक जमीन चयनित की गई जिसकी रजिस्टरी हो चुकी है। उन्होंने कहा यहीं पर गाड़ियों की फिटनेस भी मशीनों से टेस्ट की जाएगी। इससे सड़क सुरक्षा बढ़ेगी और आसपास के जिलों में फायदा होगा।

परिवहन मंत्री ने बताया कि ''ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं रिसर्च संस्थान और ऑटोमेटेड व्हीकल टेस्टिंग स्टेशन'' की स्थापना से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सैकड़ों लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने बताया कि इस संस्थान के माध्यम से आसपास के जिलों के हजारों प्रशिक्षित युवाओं को ओर अधिक हुनरमंद बनाने अर्थात अधिक कौशलयुक्त तैयार किया जाएगा।

### हाईटेक टेस्टिंग से बढ़ेगी सड़क सुरक्षा

आटोमेटेड व्हीकल टेस्टिंग स्टेशन की स्थापना से प्रति सप्ताह लगभग 300 वाहनों की फिटनेस की जांच की जाएगी। विज ने बताया कि वे चाहते हैं कि हरियाणा में परिवहन सुविधाओं को और अधिक सुचारू व सुगम बनाया जाए और इसके लिए उनके द्वारा नित नए दिन तकनीकी रूप से आधुनिक तरीके से सेवाओं को लोगों तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।
गौरतलब है कि ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं रिसर्च संस्थान (आईडीटीआर) सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और आधुनिक ड्राइविंग कौशल सिखाने के लिए सरकार द्वारा स्थापित विशेष केंद्र हैं। इनकी मुख्य विशेषताएं वैज्ञानिक प्रशिक्षण, अत्याधुनिक सिमुलेटर, ऑटोमेटेड ड्राइविंग ट्रैक, और विभिन्न प्रकार के वाहनों (लाइट/हैवी) के लिए व्यापक पाठ्यक्रम हैं। ये संस्थान सुरक्षित ड्राइविंग और दुर्घटनाओं को कम करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। ऑटोमेटिक व्हीकल टेस्टिंग स्टेशन में गाड़ियों की फिटनेस टेस्टिंग ऑटोमेटिक मशीनों से होती है। इन स्टेशन पर व्हीकल की फिटनेस टेस्टिंग कराने के बाद फिटनेस सर्टिफिकेट मिलता है, ये सर्टिफिकेट पूरे देश में वैलिड होता है। टेस्टिंग स्टेशन में गाड़ियों के टेस्ट के बाद सड़क दुर्घटना में कमी आती है क्योंकि अगर कोई गाड़ी टेस्टिंग के दौरान अनफिट हो तो उसे सड़क पर चलने के लिए फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं दिया जाता है। टेस्टिंग में गाड़ियों के सभी तकनीकों पर गौर किया जाता है।

# ऑपरेशन मैदान': हेरोइन और गांजे के साथ तीन नशा तस्कर गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

'ऑपरेशन मैदान' अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मजबूत सूचना तंत्र के आधार पर मुस्तैदी दिखाते हुए तीन अलग-अलग मामलों में तीन नशा तस्करों को प्रतिबंधित नशीले पदार्थों सहित काबू किया है। थाना अंबाला शहर पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए काज़ीवाड़ा अंबाला शहर के रहने वाले आरोपी दीपांशु को 10.36 ग्राम हेरोइन के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

जांच में सामने आया है कि आरोपी दीपांशु एक शातिर अपराधी है। उसके खिलाफ पहले भी अंबाला शहर थाने में एनडीपीएस एक्ट और मोटरसाइकिल चोरी के मामले दर्ज हैं।



अंबाला। नशा तस्करी में काबू आरोपी।

आरोपी पहले दर्ज हुए एक केस में न्यायालय से जमानत पर बाहर चल रहा था, आरोपी ने फिर से वारदात को अंजाम दिया। इसी तरह थाना अंबाला सदर पुलिस टीम ने आरोपी जोगा सिंह निवासी गांव बलाना को 12.47 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। एसएचओ शंभू लाल ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले भी एनडीपीएस एक्ट अन्य धाराओं में दर्जनों मामले दर्ज हैं।

आरोपी जमानत मिलते ही तुरंत अपराध करने लगता है। इसी तरह एक अन्य मामले में थाना महेश नगर पुलिस ने रामकिशन कॉलोनी के सुरेश कुमार को टांगरी बांध के नजदीक से दबोचा। पुलिस ने उसके कब्जे से 180 ग्राम गांजा बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# पति को अमेरिका भेजकर पत्नी को छोड़ा बेसहारा

- दहेज में 20 लाख और कार की डिमांड
- एनआरआई परिवार पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट का केस दर्ज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा**

शादी के कुछ दिनों बाद दहेज की मांग को लेकर बहू को प्रताड़ति करने और फिर उसे बेसहारा छोड़ देने का मामला सामने आया है। यहां की रहने वाली एक युवती की शिकायत पर पुलिस ने उसके पति और सास के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ति अमनदीप कौर ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसकी शादी 12 दिसंबर 2025 को पिहोवा के एनआरआई जसपाल सिंह के साथ हुई थी। शादी में उसके माता-पिता ने अपनी हैसियत से बढ़कर दान-दहेज दिया, लेकिन शादी के एक सप्ताह बाद ही ससुराल पक्ष ने 20 लाख रुपये नकद और एक बड़ी कार की मांग शुरू कर दी। पीड़ति का पति व ससुर अमेरिका के सिटीजन है। पीड़ति की शादी के करीब एक सप्ताह बाद मेरी सास व तीनों ननदे उसे शादी में कम दहेज लाने का ताना मारने लगी और कहने लगी कि तेरे माता पिता ने हमें शादी में कुछ नही दिया।

### बिना बताए अमेरिका गया पति

पीड़ति ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि 09.01.2026 को पीड़ति का पति उसे बिना बताए ही अमेरिका चला गया और वहां पहुंचकर उसने उसके साथ आज तक कोई बातचीत भी नहीं की। जब पीडिता उसके फोन पर काल की तो उसका नंबर बंद आने लगा। पति के जाने के बाद पीडिता के सास-ससुर व तीनों ननदों ने पीड़ति को प्रताड़ति करना शुरू कर दिया। हर रोज उसे किसी ना किसी बात पर तंग करते और धमकाते कि हमारे साथ अगर रहना है तो अपने घर से पैसे लेकर आने होंगे और धमकाया कि यदि तूने इस बारे में किसी को भी कुछ बताया या पुलिस में शिकायत की तो हम तुझे मिट्टी का तेल डाल कर जला देंगे। कहेंगे कि खाना बनाते से यह हादसा हो गया। 28 जनवरी 2026 को पीड़ति की माता व भाई पीड़ति को मायके ले जाने के लिए ससुराल में आए तो सास-ससुर ने उसे धमकाते हुए कहा कि यदि तुने यहां हमारे बारे में किसी को कुछ बताया तो हम तेरी माता व भाई को भी मार देंगे। 3 अप्रैल 2026 को लडकी के माता-पिता, नानी, मासी-मासड़ उसे उसकी ससुराल पिहोवा में छोड़ने गए तो घर पर पहुंचने पर लडकी के ससुराल वालों ने गेट तक नहीं खोला। तकरीबन एक घंटा घर से बाहर खड़ा रहने के बाद पीडिता ने 112 नम्बर डायल करके पुलिस को सूचना दी, जिन्होंने मौके पर आकर लडकी के ससुराल वालों से गेट खोलने को कहा तो ऊपर से पीडिता की ननद मोना ने पुलिस को कहा कि मेरी माता बाहर गई हुई है।

# अमेरिका के साथ ट्रेड डील को लेकर भाकियू का फूटा गुस्सा

- किसानों ने मोदी और ट्रंप का फूंका पुतला
- एफटीए को बताया खेती, रोजगार और आत्मनिर्भरता पर हमला

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा**



अमेरिका के बीच प्रस्तावित फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) के विरोध में वीरवार को भारतीय किसान यूनियन का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। भाकियू के जिला प्रधान मलकीत सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों ने सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और पीएम मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला फूंककर अपना विरोध दर्ज कराया। बाद में किसानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारी किसानों ने आरोप लगाया कि भारत-अमेरिका फ्री ट्रेड डील देश के किसानों, मजदूरों और छोटे कारोबारियों के हितों के खिलाफ है। किसानों का कहना था कि अगर यह समझौता लागू हुआ तो भारतीय कृषि क्षेत्र पर गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा और लाखों किसानों की आजीविका प्रभावित होगी। भाकियू जिला प्रधान मलकीत सिंह ने कहा कि भारत का किसान पहले ही बढ़ती लागत, घटते मुनाफे और प्राकृतिक आपदाओं से जूझ रहा है। ऐसे समय में अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए भारतीय बाजार खोलना किसानों को बर्बादी की ओर धकेलने जैसा होगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका में बड़े स्तर पर खेती होती है और वहां किसानों को भारी सरकारी सब्सिडी मिलती है जबकि भारत का अधिकांश किसान छोटा और सीमांत किसान है।

### एफटीए के खिलाफ चेतावनी

ऐसे में दोनों देशों के किसानों के बीच प्रतिस्पर्धा असमान और अन्यायपूर्ण होगी। किसानों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने किसानों की राय को नजरअंदाज कर एफटीए लागू करने की कोशिश की तो देशभर में बड़े स्तर पर आंदोलन छेड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि कृषि, खाद्य सुरक्षा और करोड़ों लोगों की रोजी-रोटी से जुड़े मुद्दों पर बंद कमरों में फैसले नहीं लिए जा सकते। किसानों ने प्रधानमंत्री को भेजे ज्ञापन में मांग की कि भारत-अमेरिका प्रस्तावित फ्री ट्रेड डील को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए तथा किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं और आम नागरिकों के आर्थिक हितों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

### हादसे में युवक की जान गई, लापरवाह वाहन चालक की वजह से हुआ हादसा

**अंबाला।** नेशनल हाईवे-44 अंबाला-राजपुरा मार्ग पर मंजी साहब गुरुद्वारे के पास सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में 29 वर्षीय युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार वाहन ने युवक को टक्कर मारी और चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घायल को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान सिटी के खटीक मोहल्ला (कैथ माजरी) के आकाश के रूप में हुई है। मृतक के चाचा मदन लाल ने बताया कि आकाश रात करीब 10 बजे काम के सिलसिले में गुरुद्वारे की तरफ गया था। देर रात करीब 1 बजे किसी वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया।

# चोरी के तीन मामलों में चार काबू, भेजे जेल

- दो मोटरसाइकिल, सामान और वारदात में प्रयुक्त ई-रिक्शा बरामद

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

पुलिस ने चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया हुआ है। चोरी के तीन अलग-अलग मामलों में अम्बाला पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

**केस-1** जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक राजकुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता विनोद कुमार निवासी कुलपुर तहसील मुस्तफाबाद ने 7 मई 2026 को शिकायत दी थी कि 4 मई 2026 को गुरदेव मोहल्ला से आरोपी ने उसकी मोटरसाईकिल चोरी कर ली है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले में सलिप्त आरोपी शुभम निवासी गांव सबलपुर थाना छप्पर जिला यमुनानगर को जगाधरी से गिरफ्तार कर मोटरसाईकिल बरामद की है। आरोपी के खिलाफ पहले भी थाना यमुनानगर, जगाधरी में मारपीट, चोरी, स्नैचिंग व लूट के पांच मामले दर्ज हैं।

**केस-2** चोरी का मामला सुलझाया

चोरी के दूसरे मामले में शिकायतकर्ता रविंद्र निवासी तंदूरा बाजार ने शिकायत दी थी कि 31 मई 2026 को आरोपी ने उसकी मोटरसाईकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज तत्परता कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त आरोपी राहुल उर्फ अजय व पवन कुमार निवासी गांव बडी घेल को काबू कर मोटरसाइकिल बरामद की है।

**केस-3** बंद मकान में चोरी, आरोपी गिरफ्तार

शिकायतकर्ता संदीप कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 3 जून 2026 को आरोपी ने आनंद विहार स्थित बंद पड़े मकान का ताला तोड़कर बिजली की तारें, टोंटियां चोरी की हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी कर्ण कुमार वासी कुम्हार मंडी को चोरीशुदा सामान व वारदात में प्रयुक्त ई-रिक्शा सहित काबू किया।

### गोयल स्वीट्स फायरिंग मामला: शूटरों को पनाह तथा हथियार सप्लाई करने वाला शातिर आरोपी काबू

**अंबाला।** पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम व आपराधिक मामलों में वांछित अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीआईए-1 की टीम ने थाना नारायणगढ़ में दर्ज 'जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने व फिरौती मांगने' के मामले में मुख्य आरोपियों को पनाह देने वाले एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान शिवम उर्फ शुभम उर्फ भंडा के तौर पर हुई जोकि जालंधर की इंदिरा कॉलोनी का रहने वाला बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 05 जिंदा कारतूस (रौंद) बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपीको 5 दिन के रिमांड पर लिया है। सीआईए-1 के प्रभारी निरीक्षक हरजिंद्र सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता प्रदीप कुमार ने 24 मई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने 'गोयल स्वीट्स' पर जान से मारने की नीयत से अंधाधुंध फायरिंग की थी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## क्विज, पोस्टर, भाषण व रंगोली प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने प्रतिभा दिखाई

# आईटीआई होली में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस उत्साह से मनाया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा**

हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद के दिशा-निर्देशानुसार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), होली में लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद के वैज्ञानिक एवं संसाधन व्यक्ति डॉ. राहुल तनेजा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के उपलक्ष्य में संस्थान के प्रशिक्षुओं के बीच क्विज प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता सहित विभिन्न रचनात्मक एवं तकनीकी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा, वैज्ञानिक सोच तथा तकनीकी ज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि डॉ. राहुल तनेजा ने अपने संबोधन में प्रशिक्षुओं को बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों जैसे पेटेंट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट एवं डिजाइन के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नवाचार और तकनीकी विकास के इस युग में युवाओं को अपने विचारों और अविष्कारों की सुरक्षा के प्रति जागरूक होना आवश्यक है।



बराड़ा। प्रदर्शनी में बच्चों के हूनर को देखते हुए मुख्यातिथि।

### विद्यार्थियों ने विज्ञान और तकनीक में दिखाई प्रतिभा

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्थान के प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस भारत की वैज्ञानिक एवं तकनीकी उपलब्धियों का प्रतीक है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार की भावना और तकनीकी दक्षता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को डॉ. राहुल तनेजा द्वारा मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। विजेताओं के सम्मान के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में मातेश्वरी अहिल्याबाई होल्कर राजकीय आईटीआई नोहनी के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अलावा उप-प्रधानाचार्य सुलतान सिंह, प्लेसमेंट अधिकारी अनिल गर्ग तथा संस्थान के सभी अनुदेशकों एवं कर्मचारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन अनुदेशिका दिव्या ज्योति ने किया। अंत में राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ तथा प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार ने मुख्य अतिथि, विशेष अतिथि, प्रतिभागियों, विजेताओं और आयोजन समिति के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।